जीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलायी स्वच्छता शपथ

पटना/संवाददाता। 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' मिशन के तहत स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2025 का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के पहले दिन जीएम छत्रसाल सिंह द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। जीएम छत्रसाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। उन्होंने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर-के भारत माता की सेवा करें।

कृभको के नये अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की घोषणा

पटना/संवाददाता। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) ने अपने नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुने जाने की घोषणा की। वी. सुधाकर चौधरी को सर्वसम्मति से कृभको का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इससे पूर्व वे उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के एक प्रतिष्ठित सहकारी नेता एवं व्यवसायी हैं। सहकारी आंदोलन और कृषि क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव के साथ उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता कृभको एवं किसानों को सशक्त बनाने और सतत कृषि विकास सुनिश्चित करने के मिशन को और अधिक सुदृढ करेगी। इसके साथ ही, डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, एक प्रख्यात नेता एवं आईसीए-एपी के अध्यक्ष, जो पूर्व में कृभको के अध्यक्ष रह चुके हैं, उन्हें भी सर्वसम्मति से कृभको का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनके अनुभव, विशेषज्ञता और सहकारी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से कृभको के नेतृत्व दल को नई उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन मिलेगा।

तेरापंथ युवक परिषद् का मना 61वां स्थापना दिवस

पटना/का.सं। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव 2 के अंतर्गत बुधवार को जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, पटना के प्रांगण में तेरापंथ युवक परिषद्, पटना द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि विनोद दूरड़, मुकेश जैन, पारस बोथरा एवं महावीर कैंसर संस्थान के डॉ सुधांशु सिन्हा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व एवं इसके सामाजिक लाभों पर प्रकाश डाला।

पटना में अभ्यर्थियों ने बिहार बोर्ड मुख्यालय को घेरा

पटना/का.सं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के कार्यालय पर गुरुवार को सैकड़ों अभ्यर्थी पहुंचे और एसटीईटी 2025 के लिए आवेदन लिंक दोबारा सक्रिय करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए बोर्ड ऑफिस के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अभ्यर्थियों को समझाया गया, जिसके बाद पांच छात्रों का प्रतिनिधिमंडल बोर्ड अधिकारियों से मिलने पहुंचा। बातचीत के दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एसटीईटी 2025 के आवेदन फॉर्म की प्रक्रिया 21 सितंबर से दोबारा शुरू की जाएगी। इस आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों ने फिलहाल अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरुकता पहल

पटना/संवाददाता। भारत में निवेश का परिदृश्य काफी बदल गया है, जहां बचत का वित्तीयकरण बढ़ा है। पारंपरिक निवेश से लेकर आधुनिक वित्तीय साधनों तक, निवेशकों के व्यवहार में बड़ा बदलाव आया है। वे अब पूंजी बाजारों में भागीदारी के जरिए ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं। एक समय बाजार पर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसे पारंपरिक साधनों का दबदबा था, लेकिन अब मार्केट काफी बदल गया है और यह म्यूचुअल फंड, रीयल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड जैसे आधुनिक उत्पादों को अपनाने लगा है।

ग्रामीणों ने विधायक के खिलाफ किया महापंचायत

हाजीपुर/पटेढ़ी बेलसर/सं। वैशाली विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदपुर पोझा गांव में ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर महापंचायत का आयोजन किया। ग्रामीणों ने नारा लगाते हुए सड़क नहीं तो वोट नहीं के माध्यम से स्थानीय विधायक सिद्धार्थ पटेल का विरोध किया और आगामी चुनावों में मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक सिद्धार्थ पटेल ने अपने कार्यकाल से पहले इस सड़क को अपनी पहली प्राथमिकता बताया था। हालांकि, उनके विधायक बने पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन सड़क का निर्माण या मरम्मत अब तक नहीं हो पाया है।

वाहन से कुचलकर अधेड़ की मौत

बिहटा/सं। बिहटा थानाक्षेत्र के दोघरा छिलका गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मनु यादव के रूप में की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

मंडल रेल प्रबंधक ने दिलायी स्वच्छता शपथ

पटना/संवाददाता। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष्य पर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए, दानापुर मंडल में रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता जागरुकता हेतु स्वच्छता शपथ दिलायी।

यूबीआई ने महावीर कैंसर संस्थान को प्रदान किया दो करोड़ रुपये

पटना/संवाददाता। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत महावीर कैंसर संस्थान को दो करोड़ की राशि प्रदान किया गया। इस संबंध में अंचल प्रमुख गुणा नंद गामी ने महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एलबी सिंह तथा बिहार धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य सायन कुणाल को उक्त राशि की स्वीकृति पत्र को सुपुर्द किया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से रणजीत सिंह, उप अंचल प्रमुख, पटना विजय कुमार रॉय, उप अंचल प्रमुख, पटना, मुकेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख, भी उपस्थित थे।

डीआरआई ने जब्त की तेंदुए के करोड़ों रुपये की खाल

दो तस्कर गिरफ्तार

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। राजधानी में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जो साधु का वेश धारण कर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे। उनके पास से एक जोड़ी तेंदुए की खाल बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार तस्कर सिर्फ तेंदुए की खाल की तस्करी ही नहीं कर रहे थे, बल्कि हाथी के अंगों और मॉनिटर लिजर्ड के शिकार और व्यापार में भी शामिल थे। यह सभी गतिविधियां भारत के वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। यही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वन्यजीवों की तस्करी गंभीर अपराध माना जाता है और इसमें पकड़े जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि यह नेटवर्क नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते इन अंगों और खालों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की फिराक में था। वन्यजीवों की खाल और अंगों की मांग विदेशों में खासकर तंत्र-मंत्र, अंधविश्वास और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में होती है। माना जाता है कि तेंदुए की खाल को तांत्रिक विद्या और विशेष अनुष्ठानों में इस्तेमाल किया जाता है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लाखों-करोड़ों रुपये तक पहुंच जाती है। यह मांग ही तस्करी नेटवर्क को लगातार सक्रिय बनाए रखती है। डीआरआई अधिकारियों ने इस कार्रवाई को एक बड़ी उपलब्धि बताया है। टीम ने कहा कि दोनों गिरफ्तार तस्करों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों तक भी पहुंचा जा सके। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था और लंबे समय से इस कारोबार को चला रहा था।

पीएमसीएच में जूनियर चिकित्सकों की हड़ताल जारी

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। प्रदेश का सबसे बड़ा मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल पीएमसीएच सहित राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी। बीते दो दिनों से जूनियर चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार किये हुए हैं। ओपीडी सेवाएं बाधित है। इलाज के लिए मरीज भटक रहे हैं। अस्पतालों में ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद कर हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों ने इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद करने की चेतावनी दी है।

युवाओं में कौशल अंतर को पाटने पर चर्चा

पटना/संवाददाता। पटना डिबेट सर्कल का पहला कार्यक्रम चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था 'युवाओं में कौशल अंतरः रोजगार के अवसर और चुनौतियां'। इस महत्वपूर्ण विषय पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए और युवाओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएनएलयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर फैजान मुस्तफा ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल अंतर को पाटने के लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार और उद्योगों के साथ समन्वय आवश्यक है।

एनएमसीएच के जूनियर डॉक्टरों की हडताल, दर्जनों ऑपरेशन टला

पटना सिटी/संवाददाता एनएमसीएच के जूनियर डॉक्टर छह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस कारण दर्जन भर से अधिक ऑपरेशन टल गया है। इमर्जेंसी सेवा छोड़कर ओपीडी में मरीजों को चिकित्सीय सलाह नहीं मिल पाई। जूनियर डॉक्टरों की हडताल से दर्जन से अधिक ऑपरेशन बाधित हुआ। निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ बिजॉय कुमार ने बताया कि गायनी में 5, आर्थो में पांच की जगह एक, प्लास्टिक सर्जरी में एक ऑपरेशन हुआ। ईएनटी में चार, सर्जरी में डॉ मनोव्वर हसन का दस व डॉ मनोज कुमार जायसवाल का तीन मरीज का ऑपरेशन नहीं हुआ।

पुलिस मुख्यालय ने किया मद्यनिषेध व राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। बिहार पुलिस मुख्यालय ने बड़ा फैसला लिया है। मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दिया है। गृह विभाग की अधिसूचना के तहत इस विशेष इकाई में 339 पद स्वीकृत किए गए हैं। दरअसल बिहार में नशामुक्ति अभियान और संगठित अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने "मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो" के गठन को स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय राज्य में शराबबंदी कानून को और प्रभावी बनाने तथा मादक पदार्थों और ड्रग्स से जुड़े अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

DEPARTMENT OF POSTS: INDIA
O/O THE INSPECTOR POSTS: MAHISHADAL SUB DIVISION
MAHISHADAL-721628

To
Sri Sanjay Kumar Paswan
GDSBPM, Tiorkhali BO (now unauthorised absent from duty)
C/O- Sri Nandlal Paswan
At- Mansi Gharari Mansi
PO+PS- Mansi
Dist.- Khagaria
Pin-851214

REGD. with AD

No.: A-1/IO/Sanjay Kumar Paswan/Tiorkhali BO/Tamluk/2025 dated at Mahishadal, the 16.09.2025

Sub: Disciplinary proceedings under Rule-10(B) of GDS (Conduct and Engagement) Rules, 2020 against Sri Sanjay Kumar Paswan, GDS BPM, Tiorkhali BO in account with Kismat Bajkul SO, initiated by the SPOs, Tamluk Division

The undersigned has been appointed as Inquiring Authority to conduct an inquiry in the case above cited vide memo no. F4/T-11/05/2023 dated at Tamluk the 24.06.2025 issued by the SPOs, Tamluk Division.

Accordingly, **a preliminary hearing of the case will be held by the undersigned on 08.10.2025 at 11.00 hours at the office of the SPOs, Tamluk Division, Tamluk-721636.**

You are, therefore, requested to attend the hearing along with your Defence Assistant, if any. **In case you fail to appear at the stipulated date and time, proceedings will be taken ex-parte.**

It may please be noted that no witness will be examined on the said date. Kindly find enclosed herewith Daily Order Sheet-03 dated 16.09.2025 along with photocopy of all listed state documents for your ready reference.

Receipt of this notice may please be acknowledged.

Encl.: As stated above

Sd/-
(U. Mandal)
IO cum IP, Mahishadal Sub-Division
Mahishadal-721628

बेहतर प्रदर्शन के लिए चार रेलकर्मी हुए सम्मानित

पटना/संवाददाता। पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग में एक नयी पहल की शुरुआत करते हुये इंप्लोई ऑफ द मंथ योजना के अन्तर्गत उनके कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए चार रेलकर्मी अभिषेक कुमार, वरीय टिकट परीक्षक, पटना, मुकेश कुमार मुख्य वाणिज्य लिपिक, बाढ़, आनंद कुमार, वरीय बुकिंग लिपिक, आरा एवं मधेश्वर चौधरी, वरीय टिकट परीक्षक, दानापुर को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हरी मिर्च रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक : डॉ. सुनील दूबे

पटना/सं। प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य व दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि हमारे किचन में पाया जाने वाला साधारण मसाला हरी मिर्च के खाने के अनेक फायदे हैं। हरी मिर्च खाने से पाचन बेहतर होता है। मेटाबोलिज्म बढ़ता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। त्वचा और बालों में सुधार होता है। दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आंखों की रोशनी को बढ़ाती है एवं सर्दी-जुकाम से राहत दिलाती है। उन्होंने कहा कि हरी मिर्च पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करती है, जिससे खाना जल्दी पचता है। कब्ज, गैस एवं अपच जैसी समस्याएं कम होती हैं ।इसमें मौजूद कैप्साइसिन मेटाबोलिज्म को तेज करता है। जिससे वचन घटाने में मदद मिल सकती है।

सब मिलकर करें सहयोग तो पटना शहर बनेगा सुंदर और स्वच्छ : नीतू

पटना/संवाददाता। पटना शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता टॉक' एवं 'स्वच्छता की बात, संगीत के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम वार्ड संख्या 49 बांकीपुर की पार्षद सीमा वर्मा, सफाई कर्मी राजवती देवी, बांकीपुर अंचल के नगर प्रबंधक लालदेव यादव तथा नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर एवं लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने संयुक्त रूप से किया। स्वच्छता टॉक का संचालन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस दौरान सफाई कर्मी राजवती देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वच्छता एक पवित्र कार्य है। हम दिन भर झाड़ू लगाते हैं ताकि शहर साफ-सुथरा बना रहे, लेकिन कुछ लोग सामने से ही कचरा फेंक देते हैं। उनसे मेरा निवेदन है कि कचरा हमेशा डस्टबिन में ही डालें। वार्ड संख्या 49 की पार्षद सीमा वर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। पूरे आयोजन की परिकल्पना और मार्गदर्शन नगर आयुक्त अनिमेष पाराशर के निर्देशन में की गई थी।

गुरुद्वारा गुरु का बाग से प्रस्थान हुई जागृति यात्रा, लोग उत्साहित

नंदकिशोर, सम्राट चौधरी, दिलीप जायसवाल, विजय चौधरी व हरदीप सिंह पुरी ने लिया भाग

पटना सिटी/संवाददाता। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब एवं संगतों के सहयोग से गुरु तेग बहादुर एवं उनके साथ भाई मतिदास, भाई सतिदास, भाई दयाला के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित जागृति यात्रा गुरुद्वारा गुरु का बाग से बुधवार को प्रस्थान हुई। इसे विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, मंत्री विजय चौधरी, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, एसएस अहलूवालिया, मेयर सीता साहू ने यात्रा को रवाना कराया। इस दौरान तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य गोबिंद सिंह लोंगोवाल, राजा सिंह, हरपाल सिंह जौहल, एसोसिएट सदस्य सूरज सिंह नलवा, जसबीर सिंह धाम, मानविन्दर सिंह बेनीपाल, आरएस जीत, रणजीत सिंह साइकिलवाले के अलावा जगजीवन सिंह, कुलवंत सिंह सलूजा, प्रवक्ता सुदीप सिंह, सुमित सिंह कलसी आदि मौजूद थे। यह यात्रा देश के नौ राज्यों से होता श्री आनंदपुर साहिब में जाकर समाप्त होगी। मौके पर बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखबिंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा बलबीर सिंह जी 96 करोड़ी बुड्ढा दल, बाबा सुखा सिंह सरली साहेब के जत्थेदार, बाबा विधि चंद जी के जत्थेदार आदि पहुंचे थे।

एसकेएम में होगा चार दिवसीय दशहरा महोत्सव

पटना/संवाददाता। श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। साथ ही, गांधी मैदान में 12-दिवसीय रामलीला महोत्सव धूम-धाम से आयोजित होगा। प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सहयोग से श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति द्वारा इन महोत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। देश-दुनिया के नामी-गिरामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि दो संस्थाओं द्वारा महोत्सव के आयोजन में सहभागिता प्रदान की जा रही है।

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", C54 और 55, सुपर B-4, थिरु विका औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032, भारतक्षेत्रीय कार्यालय: 55 और 55/1, चौरंगी रोड, चौथी मंजिल, चौरंगी कोर्ट, नेहरू बाल संग्रहालय के सामने, रवींद्र सदन, कोलकाता 700 071, पश्चिम बंगाल

नियम 8(1) के तहत भौतिक कब्जे की सूचना

शाखा कार्यालय: अहलूवालिया बिल्डिंग, एग्जीबिशन रोड, प्रेमा होंडा सर्विस सेंटर के पास, पटना, बिहार, पिन - 800 001

जबकि:
अधोहस्ताक्षरी, **मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे आगे अधिनियम कहा जाएगा) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13[12] के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खाते में उल्लिखित तिथि को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि ब्याज सहित चुकाने का आह्वान किया गया।
उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के नियम 8 के साथ, खाते में उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित कंपनी के पास गिरवी रखी गई संपत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया है।
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे नीचे उल्लिखित संपत्ति का लेन-देन न करें और ऐसा कोई भी लेन-देन **मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** द्वारा खाते में उल्लिखित राशि के साथ-साथ ब्याज और अन्य शुल्कों के अधीन होगा।
प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13[8] के तहत, उधारकर्ता बिक्री की अधिसूचना से पहले सभी लागतों, शुल्कों और अपेक्षाओं सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करके सुरक्षित संपत्ति को भुना सकते हैं।

ऋण खाता संख्या: ML01GYA00000062143
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम और पता: आवेदक: रौशन कुमार, वार्ड नंबर 19, मुहल्ला लोहार टोली थाना - शेरघाटी, शेरघाटी गया, बिहार, पिन - 824211
सह-आवेदक: अवधेश प्रसाद, वार्ड नंबर 19, मुहल्ला लोहार टोली थाना-शेरघाटी, शेरघाटी गया, बिहार, पिन-824211
सह-आवेदक: **अनिता देवी,** वार्ड नंबर 19, मुहल्ला लोहार टोली थाना - शेरघाटी, शेरघाटी गया, बिहार, पिन-824211
सह-आवेदक: मां दुर्गा फ्रूट्स, अबध मार्केट, नई बाजार, शेरघाटी बाजार रोड, गया, बिहार, पिन-824211।

अचल संपत्ति का विवरण: अचल संपत्ति का विवरण: 02 डिसमिल क्षेत्रफल वाले भूखंड का वह समस्त भाग मौजा-शेरघाटी, अंचल (प्लस) थाना शेरघाटी, थाना संख्या 762, खाता संख्या 1130, खेसरा संख्या 3037, उप-पंजीयन कार्यालय शेरघाटी, जिला गया में स्थित है। **सीमा:** उत्तर: शशि भूषण, दक्षिण निज, पूर्व रोड, पश्चिम: मिलन सिंह।

मांग सूचना की तिथि: 07.10.2024
बकाया राशि: रु.21,11,319.00
(रु. इक्कीस लाख ग्यारह हजार तीन सौ उन्नीस मात्र) **04/10/2024 तक और उस पर ब्याज**
भौतिक कब्जे की तिथि: 16.09.2025

दिनांक: 19.09.2025
स्थान: गया (बिहार)

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

UJJIVAN SMALL FINANCE BANK

उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक

पंजीकृत कार्यालय: ग्रेप गार्डन, सं. 27 थर्ड "ए" क्रॉस, 18थ मेन, 6थ ब्लॉक, कोरमंगलम, बेंगलुरू-560095;
शाखा कार्यालय: 1) उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., डॉ. के पी सिंह टावर, एचडीएफसी बैंक के सामने, आदर्श नगर, मोहनपुर रोड, समस्तीपुर-848101

सार्वजनिक नीलामी सूचना

वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के प्रावधानों के अधीन बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लि. के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्राप्त शक्तियों के प्रयोग द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार तथा बड़े पैमाने पर जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि बैंक की बकाया रकम की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित खाते में गिरवी पर रखी गई सम्पत्ति की यहां नीचे निर्धारित तारीख को "जैसे है जहां है के आधार पर" तथा "जैसे है जो कुछ है के आधार पर" सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम	13-2 सूचना की तिथि एवं मांग रकम नीचे दिए गए विवरण के अनुसार	कब्जा की तिथि	वर्तमान बकाया रकम दिनांक 18-10-2025 की स्थिति के अनुसार	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य रु. में	बयाना राशि जमा (ईएमडी) रु. में (आरक्षित मूल्य का 10%)	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बोली जमा की अंतिम तिथि	ईएमडी के भुगतान के लिए खाते का विवरण (ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए)
1.	3558 2101 8000 0021	1. ममता कुमारी पुत्र पत्नी महेश कुमार चौधरी 2. महेश कुमार चौधरी पुत्र राम सहाय चौधरी 3. फूलकुमारी देवी पत्नी राम सहाय चौधरी	21-05-2022 रु. 1692510.27/-	19-10-2022	रु. 28,02,243.02	14-10-2025 को सुबह 10.00 बजे	रु. 3,15,000/-	रु. 31,500/-	30-10-2025 को सुबह 9.30 बजे	29-10-2025	ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए

सम्पत्ति का विवरण/अनुसूची:- मौजा-लगमा, थाना-घटहा थाना संख्या 334, खाता संख्या 8 (पुराना), 198, (नया), प्लॉट नंबर 171 (पुराना) (एमआई), 576 (नया) (एमआई), जिला-समस्तीपुर में स्थित 13 धूर अथवा 2.83 डिसमिल परिमाप क्षेत्रफल की भूमि का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। जमाबंदी संख्या 291; चौहद्दी: उत्तर में: 10 फीट पीसीसी सड़क, दक्षिण में: निज लेख्यकारी; पूर्व में: राम सहाय चौधरी; पश्चिम में: कच्ची सड़क। बिक्री विलेख सं. 18715 दिनांकित 28.12.2019 के मार्फत फूल कुमारी देवी द्वारा मालिकाना प्राप्त।

नियम एवं शर्तें:-
नीलामी "जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है" तथा "वहां जो कुछ है" के आधार पर आयोजित की जाएगी।
1. अधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई भी ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी पर रखी जाने वाली सम्पत्तियों के ऋणभार, शीर्षक तथा सम्पत्ति के संबंध में दावा/अधिकारों/बकाया/सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले तथ्यों के संबंध में स्वतंत्र जांच करनी होगी। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की ओर से कोई प्रतिबद्धता अथवा कोई अभ्यावेदन का गठन नहीं करती है तथा गठन करने की कोई संभावना नहीं है। सम्पत्ति की बिक्री बैंक को ज्ञात अथवा अज्ञात सभी वर्तमान तथा भविष्य के ऋणभार के साथ की जाएगी। अधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली जमा करने के पहले सम्पत्ति एवं विनिर्देश के संबंध में निरीक्षण करने तथा स्वयं को संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी। प्रत्येक सम्पत्ति के विवरण के तहत उल्लेखित साइटों पर इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी के लिए रखी जाने वाली सम्पत्ति के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोलियां ऊपर उल्लेखित नीलामी की तारीख से एक दिन पहले अधोहस्ताक्षरित अधिकृत अधिकारी के समक्ष जमा करनी होगी।
4. ई-नीलामी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता - मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. के माध्यम से संचालित की जाएगी। सम्पर्क व्यक्ति - श्री प्रभाकरण (मोब. नं. 74182-81709)। इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट पर सम्पत्ति के विवरण के लिए https://www.bankeauctions.com अथवा https://www.ujjivansfb.in/e-auctions देखने की सलाह दी जाती है तथा बोली में भाग लेने के लिए उन्हें अपने नाम https://www.bankeauctions.com पर पंजीयन कराना होगा तथा अपने यूजर आईडी तथा पासवर्ड निःशुल्क हासिल करें। प्रत्याशित बोलीदातागण सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हेल्पलाइन नं. - 7291918824, 25, 26, सपोर्ट ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com, नीलामी पोर्टल: https://www.bankeauctions.com.
5. सम्पत्ति सर्वोच्च बोलीदाता/प्रस्तावकर्ता को बिक्री की जाएगी, जो प्रत्याभूत ऋणदाता यानी उज्जीवन स्मॉल फाइन